# वसुंधरा विशेष विद्यालय

सीहोर (मप्र)

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन

### वर्ष - (01 अप्रेल 2021 से 31 मार्च 2022)

### विद्यालय का उद्देश्य

मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है,इसी उद्देश्य को लेकर बच्चो को व्यवहार संबंधी, सीखने की अक्षमताओं और शारीरिक अक्षमताओं वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में मदद करने के लिए विशेष आवश्यकता हेतू विद्यालय की स्थापना की गई है।

### शिक्षा

दिव्यांग बच्चो के लिए सुलभ प्रारूप में अध्ययन सामग्री के साथ-साथ शैक्षणिक व्यय का भी ध्यान रखा जाता है। शांतिवर्धन प्रत्येक वर्ष सफल करियर का मार्ग प्रशस्त करते हुए छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में व्यावहारिक सहायता प्रदान करता है। दिव्यांग छात्रों को उनकी आवश्यकता कर अनुसार TLM उपलब्ध कराने चाहिए। दृष्टिबाधित शिक्षार्थियों के लिए ब्रेल पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करानी चाहिए।

विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की संख्या

| क्रमांक | विद्यार्थियों की संख्या | | शिक्षको की संख्या | | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | बालक | बालिका | शिक्षक | शिक्षिका | |
| 01. | 12 | 12 | 01 | 02 | 27 |

## 1 जुलाई 2021 को दिव्यांग बच्चों का विशेष विद्यालय का हुआ प्रारंभ




ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में रहने वाले शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चो हेतू प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशेष विद्यालय का प्रारंभ हुआ विद्यालय का उद्देश्य दिव्यंगो को बहुत प्रभावी ढंग से सशक्त बनाता है। जिससे सैकड़ों लोग लाभान्वित हो सके।

**स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2021**




वसुंधरा विशेष विद्यालय द्वारा *स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2021 को झंडा वंदन कर बच्चो को मिठाई वितरण की गई व्* सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वच्छता को लेकर बच्चों ने मनमोहक नृत्य व नाटक प्रस्तुत किए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए विश्व की खुशहाली को पेश किया। कार्यक्रम की तैयारी मे शिक्षक अंजना राठोर, शिक्षक रविन्द्र ठाकुर की देख-रेख में हुई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह, श्री ब्रजेश पारासर उपस्थित रहे व उनकेद्वारा छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई |

**गांधी जयंती:**

हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर को वसुंधरा विशेष स्कूल परिसर में मनाई गई । विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने महात्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। शिक्षकों और आदरणीय हरी ओम शर्मा दाऊ ने बच्चों को महात्मा के बारे में जानकारी दी और कुछ गाने सुनाए |



## 03 दिसम्बर 2021 को दिव्यांगता दिवस पर बच्चो को जूते और मोजे वितरण



वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन सीहोर के कार्यकर्ताओ ने 03 दिसम्बर 2021 को ग्राम पंचायत ताकीपुर (महुआखेड़ी) में विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग व् जरूरतमंद 115 बच्चों को जूते और मोजे वितरण किये व् प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य श्री दिनेश वर्मा जी, महुआ खेड़ी माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक जे पी सिन्हा जी, श्रीमती छाया यादव, सतीश जी, भूतपूर्व सैनिक नर्मदा प्रसाद सागर जी, वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के निदेशक श्री अर्जुन सिंह जी की उपस्थिति में जूते और मोजे निशुल्क भेंट किए गए। वसुंधरा संस्था के निदेशक श्री अर्जुन सिंह ने आभार व्यक्त किया व् संस्था ऐसे सामाजिक कार्य में अपना योगदान आगे भी देते रहेगी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की |





## संस्था द्वारा शिक्षा के साथ साथ दिव्यांग बच्चों को स्वस्थ रहने हेतू हाथ धुलाई कार्यक्रम -




संस्था द्वारा 15 अक्टूबर 2021 को दिव्यांग बच्चों हेतू नि:शुल्क विशेष विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ अलग अलग गतिविधिया जैसे ड्राइंग, गीत, खेल, पहेलिया भी सिकाई जाती है व् संस्था द्वारा विश्व हाथ धुलाई दिवस के उपलक्ष्य मे शिक्षकों द्वारा यादव मोहल्ला कस्बा, व् सीहोर में अन्य स्थानों में दिव्यांग बच्चों को साबुन से हाथ धुलाकर सभी बच्चों को हाथ धुलाई का महत्व समझाया व संस्था के कार्यकर्ताओ द्वारा बच्चों , महिलाओ के हाथ धुलवाये गए महत्व समझाया गया व सभी दिव्यांग बच्चों को संस्था द्वारा साबुन वितरित किया गया |

# दिव्यांग जागरूकता अभियान का आयोजन

संस्था वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था सीहोर के कार्यकर्ताओ द्वारा 24 मार्च 2022 रेली के माध्यम से किया दिव्यांगजन के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाली गई। संस्था सेंकडो कार्यकर्ताओ ने उत्साह से भाग लिया। दिव्यांगता के शीघ्र निवारण हेतु चिकित्सा विभाग से संपर्क किया गया व् वर्ष 0 से 14 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों की चिकित्सा जांच हेतु चर्चा की गई।



